## संक्षिप्त खबर

### अलग-अलग हादसों में दो बाइक सवार घायल

**चतरा(आवाज)।** हंटरगंज कौलेश्वरी मार्ग स्थित कोबना के समीप मंगलवार देर रात्रि मोटरसाइकिल अनियंत्रण होकर प्लांट जाने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया घायल युवा वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के सलैया गांव निवासी बढन पासवान का 24 वर्षीय पुत्र अनिल पासवान है वह अपने मित्र अशोक पासवान के शादी समारोह में शामिल होने कोबना आया था शादी समारोह में शामिल होने के बाद घर वापस जा रहा था इसी क्रम में मोटरसाइकिल नियंत्रण होकर पलट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया वहीं नाक एवं मुंह से खून आने के कारण और स्थिति चिंताजनक रहने के कारण गया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है एक अन्य मोटरसाइकिल दुर्घटना में प्रतापपुर परहियाडीह का युवक जख्मी हो गया है। उसे समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल चतरा रेफर कर दिया गया है। जख्मी युवक थाना क्षेत्र के परहियाडीह गांव निवासी मंदीप दबगर के पुत्र प्रिंस कुमार अपने मोटरसाइकिल से सावर होकर जोरी से प्रतापपुर आने के क्रम में तेतरिया मोड़ के पास विपरीत दिशा से जा रही एचपी गैस सिलेंडर के गाड़ी के चपेट में आ गया जिससे वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया है मोटरसाइकिल पर सवार अन्य को मामूली चोट आई है जबकि प्रिंस को गंभीर चोट लगी है। चिकित्सकों का कहना है कि मामूली चोट आई है फिर भी बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर किया जा रहा है।

### उरैली और बेला गांव में आए बरातियों ने मचाया उत्पात



**चतरा(आवाज)।** हंटरगंज के दो गांव में आए शरारती बारातियों ने जमकर उत्पाद मचाया इस दौरान एक गांव में ग्रामीण के साथ मारपीट किया वहीं दूसरे गांव में खलिहान में आग लगा दिया। पहली घटना में हंटरगंज के उरैली गांव में आयोजित एक घर के शादी में आए बारात के लोगों ने गांव के युवक के साथ मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। घायल युवक राजकुमार पासवान का बेटा राजू पासवान है। घायल राजू पासवान के द्वारा बुधवार को हंटरगंज थाना में इस संबंध में आवेदन दिया गया है। राजू पासवान ने बताया कि बारात के लोग गांव के लोगों के साथ विवाद कर रहे थे। इसी दौरान राजू पासवान वहां पहुंच गया और राजू पासवान के साथ दूल्हे का पिता, बहनोंई दुल्हन के भाई और पिता के साथ मिलकर जमकर मारपीट किया। मारपीट में बुरी तरह से घायल युवक को हंटरगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। वही दूसरी ओर हंटरगंज के बेला गांव में शरारती बारातियों के द्वारा फोड़े जा रहे पटाखा से एक खलिहान में आग लग गया। जिससे खलिहान में रखा सरसों का फसल जलकर राख हो गया। इस संबंध में पीड़िता महिला किसान करमी देवी ने बुधवार को हंटरगंज थाने में आवेदन दी है। करमी देवी ने बताई की गांव शिव यादव के घर पर बारात आया हुआ था। जिनके द्वारा शरारत करते हुए खलिहान में पटाखा जलाकर फसल में आग लगा दिया गया। जब इस बात की शिकायत करने करमी देवी शिव यादव के घर गई तो उसके साथ गाली गलौज किया गया। इसके बाद महिला करमी देवी थाना पहुंचकर मामले से संबंधित आवेदन दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

**चतरा की खबर पेज 8 पर भी**

लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित प्रेस कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन

# कम मतदान प्रतिशत वाले कुल 300 बूथ चिन्हित




**चतरा(आवाज)।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिले में जारी आदर्श आचार संहिता के अनुपालन, 17 मार्च से अभी तक नए मतदाता को जोड़ने हेतु प्राप्त प्रपत्र-6, जप्त मादक पदार्थ व लिकर समेत अन्य उपलब्धियों के बारें मे जानकारी दी गई। उन्होने बताया कि 16 मार्च को नोटिफिकेशन जारी होने के पश्चात 17 मार्च से अभी तक सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से कुल 5791 प्रपत्र-6 प्राप्त हुए है। वहीं चतरा विधानसभा क्षेत्र से 4338 नए मतदाता सूचि में जोड़ने हेतु दोनो विधानसभा से 10129 प्रपत्र-6 प्राप्त हुए है। जिले भर में छुटे हुए मतदाताओं को मतदाता सूचि में शामिल करने के लिए 6 अप्रैल से विशेष अभियान चलाया गया जिसमें बीएलओ के माध्यम से घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। साथ ही लगातार जिले के वरीय अधिकारी भी इस कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहे है। जिले के कुल 914 मतदान केन्द्रों में से कम मतदान प्रतिशत वाले कुल 300 बूथों को चिन्हित किया गया है जहां मतदाताओं को जागरूक करने हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शारीरिक रूप से अक्षम मतदाता जो मतदान केन्द्र तक मत का प्रयोग करने हेतु बूथ पर पहुंचने में सक्षम नहीं है वैसे कुल 26 दिव्यांग मतदाता एवं 20 मतदाता जो 85 वर्ष से अधिक है को चिन्हित किया गया है। उन्हे मत का अधिकार दिलाने के लिए विशेष तैयारी कर ली गई है। आगे उन्होने कहा सबसे कम प्रतिशत वाले कुल 50 मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर जिले के वरीय पदाधिकारी की उपस्थिति में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन का उद्देश्य अधिक से अधिक मतदान कराना है। स्वीप कार्यक्रम के तहत अति प्रभावित नक्सल क्षेत्रों में रात्रि चौपाल का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा हैं जिससे कि मतदाता अपना मत का प्रयोग निर्भय एवं भयमुक्त हो कर मतदान कर सके। इसके अलावे विद्यालयों, निजी संस्थान, सरकारी संस्थान, परियोजनाओं में भी तरह तरह के कार्यक्रम कराएं जा रहे है। अभी तक कुल 176 बूथों पर रात्रि चौपाल किया जा चुका है। बताया गया कि चुनाव को प्रभावित करनेवाले मादक पदार्थ, लिकर समेत अन्य नसीले पदार्थों की 18 करोड़ से अधिक की जब्ती की गई है। वैसे लोग जिनके कारण आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन एवं चुनाव को प्रभावित करने वाले लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है। उन्होने सभी मीडिया बंधुओं से अपील करते हुए कहा कि समाज में सूचनाओं का आदान प्रदान करने में आमसभी की भुमिका अहम है। आज शाम तक नए मतदाओं को जोड़ने हेतु प्रपत्र-6 प्राप्त किया जा सकता है। अगर आप सभी के नजर में कोई वैसे मतदाता है जिनका नाम अभी तक मतदाता सूचि में शामिल नहीं हो सका है। उनका नाम संध्या तक प्रपत्र-6 भरकर मतदाता सूचि में नाम शामिल करवा सकते है। साथ ही सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधुओं को मतदाता शपथ भी दिलाया गया। उक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा व सिमरिया, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी समेत सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधु उपस्थित थे।

## झरवादोहर गांव में खपड़ैल मकान में लगी आग, समान जलकर राख



**चतरा(आवाज)।** हंटरगंज के तिलहेत पंचायत के झाबादोहर गांव में मंगलवार को अहले सुबह बाप-बेटे के दो अलग घरों में आग लग गई। जिससे पांचू भुईया और उसके बेटे विकास भुईया के खपड़ैल घर में आग लग गई, जिससे घर का रखा समान जलकर राख हो गया ।इस संबंध में पीड़ित ने बताया कि उसके घर में दो बेटी की शादी कल होना था। शादी के लिए आवश्यक सामान घर में ही रखा हुआ था। खाना बनाने के दौरान अचानक आग लग गई ।जिसके कारण घर में रखें लाखों रुपए के सामान जैसे पलंग,खाट, वस्त्र, चावल, गेहूं, सरसो तेल,एक सौ मुर्गा एवं दुल्हन के देने के लिए जेवर बर्तन, कपड़ा के अलावा खाद्य सामग्री जलकर राख हो गया। घर में लगिलगी आग की लपटे इतना तेज था की उसपर काबू पाना मुश्किल हो गया। परंतु गांव के ही कपिल भुईया, स्वरूप यादव, सुरेश यादव, मनोज यादव, मंदीप भुईयां, राजु यादव, एवं पंचायत समिति वीरेंद्र भुईया के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि इस घटना में जान माल की नुकसान नही हुआ है, परंतु घर में रखे सामान पुरा के पुरा जल गए और कुछ बर्बाद भी हो गए ।घर में खुशियां का महौल मातम में बदल गया।।बेटी की विदाई कैसे होगी यह परिवार वालो के लिए सर दर्द बना हुआ है। हालांकि घटना की जानकारी प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार यादव एवं बीडीओ निखिल गौरव कमान कश्यप को पीएलवी कुमार विवेक रंजन एवं सरयु यादव के द्वारा दिया गया। जिसके बाद सहायता के लिए आश्वासन दिया गया है। वही पीड़ित ने स्थानीय थाना एवं अंचल कार्यालय में आवेदन देखकर आपदा प्रबंधन से सहायता की मांग किया है।

## बीडीओ ने साइकिल रैली निकालकर मतदान के लिए किया जागरूक



**इटखोरी(आवाज)।** लोकसभा चुनाव के अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पीतीज पँचायत में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस साइकिल रैली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया। साथ ही यह आह्वान किया गया कि 20 मई को होने वाले मतदान में वे शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करें। साइकिल रैली का नेतृत्व खुद प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ वंकिरा नें किया । मौके पर पँचायत के मुखीया रामदेव यादव प्रमुख प्रतिनिधि सिंटू यादव प्रखण्ड कोडिनेटर प्रमोद कुमार शिक्षक सुदर्शन दुबे समेत अन्य शामिल थे । इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ ने हर मतदाता के वोट की कीमत को बहुमूल्य करार दिया। उन्होंने कहा कि सभी मतदाताओं को 20 मई को होने वाले मतदान में अवश्य भाग लेना चाहिए। इस मौके पर साइकिल रैली के माध्यम से पँचायत के सभी गावो का भ्रमण कर मतदान के लिए जागरूक किया गया।

## कछुआ चाल को मात दे रहा सड़क निर्माण कार्य



**मयूरहंड(आवाज)।** मयूरहंड से पचमो सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। लेकिन निर्माण कार्य काफी धीमी गति से किया जा रहा है जिसके कारण आम जन को आवा जाहि में काफी दिक्कत हो रहा है। सड़क निर्माण कार्य को मार्च 2023 को ही पूर्ण करना था। लेकिन अबतक पूरा नहीं किया गया है। बीच बीच में पुलिया निर्माण के नाम पर सड़क काटा गया है। जिसका दयवर्सन अच्छे से नही बनाने के कारण हल्की बारिश में वाहनों का आवाजाही बंद हो जाती है। बतादें कि उक्त सड़क प्रखंड मुख्यालय को जिला मुख्यालय और इस क्षेत्र का मुख्य बाजार हजारीबाग को जोड़ता है। जिसके कारण ग्रामीणों का आना जाना इसी मार्ग से होता है।

## बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाई गई



**चतरा(आवाज)।** स्थानीय मुख्यालय क्षेत्र रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर चतरा में बाबू वीर कुंवर सिंह जयंती मनाई गई ।इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य अजय कुमार मिस्त्री ने मंच संचालन किया। तत्पश्चात कुंवर सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलन दीप मंत्र के साथ किया गया । तत्पश्चात भैया बहनों ने बाबू कुंवर सिंह पर भाषण,कविता,कहानी एवं प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किया। तत्पश्चात विद्यालय के आचार्य मनोज कुमार यादव ने वीर कुंवर सिंह की जीवनी पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि मन में अगर किसी काम को करने को इच्छाशक्ति हो तो हम साधारण से आसाधारण बन सकते हैं और अपने देश की सेवा में अपना नाम अंकित करवा सकते हैं । हमारे वीर कुंवर सिंह ऐसे ही एक महान व्यक्ति थे जिन्होंने कभी भी गुलामी नहीं की और अंग्रेजों से लोहा लेते रहे । उन्होंने कई वर्ष तक जगदीशपुर को अंग्रेजों से स्वतंत्र भी रखा था। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य , आचार्या एवं भैया बहन मौजूद थे । तत्पश्चात धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रधानाचार्य राहुल कुमार सिंह ने कहा कि आज गुलामी रूपी समाज से समानता और स्वतंत्रता के लिए लड़ना चाहिए। जिस प्रकार बाबु वीर कुंवर सिंह ने हमारे बिहार क्षेत्र स्वतंत्रता के लिए बिगुल फुका था और 80 वर्ष के अवस्था में भी अंग्रेजों से लोहा लिया था । उसी प्रकार यदि मन में जज्बा हो तो कठिन अवस्था मायने नहीं रखता। इसके बाद कार्यक्रम को समापन किया गया।

शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ के आयोजन में कथावाचक बहा रहें हैं ज्ञान की गंगा

# राजा परीक्षित की मृत्यु के बाद से ही कलयुग की शुरूआत मानी जाती है : रणवीरकृष्ण जी



**इटखोरी(आवाज)।** राजा दरभंगा में आयोजित श्री श्री 108 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ के आयोजन को लेकर आचार्य विख्यात कथावाचक रणवीरकृष्ण जी ने कलयुग व राजा परीक्षित की कथा सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया । उन्होंने कहा कि द्वापर युग में परीक्षित नाम के एक राजा थे, जो बहुत ही न्याय प्रिय और अपनी प्रजा के प्रति निष्ठावान थे। राजा परीक्षित धनुर्धर अर्जुन के पौत्र और वीर अभिमन्यु के पुत्र थे। वह एक बार जंगल में शिकार करने गए, जहां उन्होंने शमीक ऋषि मौन अवस्था में ध्यान कर रहे थे। राजा परीक्षित, शमीक ऋषि से पीने के लिए पानी मांगते हैं, लेकिन ऋषि ध्यान में थे इसलिए वह राजा की बात का कोई उत्तर नहीं देते। राजा परीक्षित के सिर पर स्वर्ण मुकुट पर विराजमान कलियुग के प्रभाव से राजा ने इस अपना अपमान समझा। गुस्से के कारण राजा परीक्षित उनके गले में मरा हुआ सांप डाल देते हैं। जब इस बात का पता शमीक ऋषि के पुत्र श्रृंगी ऋषि को लगता है तो वह क्रोध में आकर राजा परीक्षित को श्राप दे देते हैं। अपने पिता के अपमान पर ऋषि श्रृंगी राजा परीक्षित को यह श्राप देते हैं कि 7 दिन में नाग राज तक्षक उन्हें डस लेगा और उनकी मृत्यु हो जाएगी। श्राप के कारण राजा को 7 दिन के बाद नाराराज तक्षक ने डस लिया और उनकी मृत्यु हो गई। राजा परीक्षित की मृत्यु के बाद से ही कलयुग की शुरूआत मानी जाती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर ग्रामीणों ने एक कमेटी का भी गठन किया है । जिसमें अध्यक्ष पवन साव सचिव विजय साव उपसचिव बाबूलाल साव कोषाध्यक्ष ईश्वर साव उपाध्यक्ष लखन साव बाबूलाल साव सदस्ये राजकुमार साव सुरेश शाह बैजू धनुखी साव राजू साव रघु साव पिंटू साव प्रकाश भुइंया इंद्र भुईया चंदन भुइंया सिकंदर भुइंया आशीष विकाश सुनील निरंजन साव का नाम शामिल है । साथ में भुइंया समाज का कई गण्यमान्य लोगो का नाम शामिल है ।`25 अप्रैल आजे वेदी पूजन, मंडप पूजन, रुद्र पाठ, फलाधिवास, द्रव्याधिवास, नगर भ्रमण, शश्याधिवास आरती । 26 अप्रैल को वेदी पूजन मंडप पूजन प्राण प्रतिष्ठा हवन, पूणार्हुति , विशाल भंडारा, ब्राह्मण विदाई कार्यक्रम कर महायज्ञ की पूणार्हुति होगी।

## जतराहीबाग चौक से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम तक निकाली गई मतदाता जागरुकता रैली



**चतरा(आवाज)।** बुधवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत जतराहीबाग चौक से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा तक मतदाता जागरूकता रैली जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय व बाल संरक्षण पदाधिकारी अरुणा प्रसाद के नेतृत्व में निकाली गई। इस जागरूकता रैली में सैकड़ों की संख्या में विद्यालय के छात्र/छात्राओं समेत कई मतदाताओं ने भाग लिया। जिला क्रीड़ा पदाधिकारी ने रैली के स्टेडियम पहुंचने के पश्चात छात्र/छात्राओं को अपने जान्ने, पहचान्ने, अपने करीबी लोगों को मत के प्रति जागरूक करने की बात कही। उन्होने कहा इस लोकतंत्र में हर एक मत का महत्व है। इसी जागरूकता की कड़ी में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ईटखोरी द्वारा भी ईटखोरी बाजार क्षेत्र में साईकिल रैली निकाल मतदाताओं को जागरूक किया गया।

## गीता आश्रम चतरा में हुआ रात्रि चौपाल का आयोजन



**चतरा(आवाज)।** चतरा प्रखंड के मध्य विद्यालय गीता आश्रम में अधिक से अधिक मतदान हो इस उद्देश्य से मतदाताओं को जागरूक करने हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप शामिल हुए। तत्पश्चात वृद्ध, दिव्यांग व जिले से पहुंचे अधिकारियों, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में निर्वाचन से संबंधित रंगोली, दीप प्रज्वलित कर स्लोगन वोट करेगा चतरा लिखा गया। साथ ही आमजनों को मतदाता शपथ दिलाया गया एवं एक स्वर में 20 मई को वोट करेगा चतरा का लगाया गया नारा। वहीं नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुती कर भी मतदाताओं व आमजनों को जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद चतरा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

## पत्नी की हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया चतरा से गिरफ्तार



**चतरा(आवाज)।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय के निर्देश पर एवं प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी सुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में छापेमारी कर प्रतापपुर थाना पुलिस ने 12 घंटे के अंदर पत्नी की हत्या आरोपी को चतरा से किया गिरफ्तार कर लिया है। इसके पहले ग्रामीणों ने माता पिता को भी पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। प्रतापपुर थाना क्षेत्र के असनाही करमाचक में एक पति ने अपने परिवार के साथ मिलकर अपनी 27 वर्षीय पत्नी रूनती देवी को सोमवार देर रात को बेरहमी से मार डाला और बाद में उसे आत्म हत्या का रूप देने के लिए घर में ही आग लगा कर जला दिया गया था। इस घटना से गांव के साथ साथ मृतका के मायके वाले भी काफी आक्रोशित थे। घटना की सूचना मिलने पर प्रतापपुर थाना घटनास्थल पहुंची और महिला के अध जला शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया। बुधवार को उसकी अंतिम संस्कार मायके में ही योगिडीह में कर दिया गया है। इस संबंध में प्रतापपुर थाना में पदस्थापित प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी सुभम खंडेलवाल ने बताया कि महिला के हत्या के मुख्य आरोपी अखलेश यादव घटना के बाद से पलामू की ओर भाग गया था फिर वह चतरा की ओर आ रहा था इसी बीच उसे चतरा पोस्ट ऑफिस के पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभी उससे पूछताछ किया जा रहा है। महिला की हत्या के मामले में प्रतापपुर थाना में कांड संख्या 50/24 के तहत पति समेत सात लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। जिसमें तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।इस अभियान में प्रतापपुर के सव इंस्पेक्टर कासिम अंसारी एवं सुरक्षा बल के जवान शामिल थे।

### तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में बच्ची सहित चार घायल, एक की स्थिति गंभीर

**चतरा(आवाज)।** हंटरगंज में बुधवार को घटे तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक बच्ची सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना हंटरगंज डोभी मुख्य मार्ग स्थित नागर के समीप घटी। जिसमे एक मोटरसाइकिल अनियंत्रण होकर महुआ के पेड़ से जा टकराया। जिसमें कर्मा गांव के राम प्यारे दास का 35 वर्षीय पुत्र राजू दास गंभीर रूप से घायल हो गया। दूसरी घटना औरु गेरुआ-बलुरी मार्ग में घटा। जिसमे दो मोटरसाइकिलो में आमने-सामने से हुए टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवको में कोसमाही गांव के तुलसी यादव का 19 वर्षीय पुत्र दिलु यादव, देवरिया गांव के राजेंद्र यादव का 25 वर्षीय पुत्र अंतेश कुमार और मुंशी यादव का 18 वर्षीय पुत्र विकास कुमार शामिल है। वहीं तीसरी घटना हंटरगंज मुख्य बाजार स्थित देवी मंडप के पास घटा। जिसमें एक मोटरसाइकिल ने एक बच्ची को अपने चपेट में ले लिया। जिसमें बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बच्ची पैनी गांव के जितेंद्र दास की 13 वर्षीय पुत्र काजू कुमारी है। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। राजू दास की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

